**भारत सरकार**
**सहकारिता मंत्रालय**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3687**
बुधवार, 25 मार्च, 2026 (4 चैत्र 1948 (शक)) को उत्तरार्थ

## वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान

3687# श्री नीरज शेखरः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान, पुणे सहकारिता के क्षेत्र में शिक्षण एवं प्रशिक्षण के अलावा अनुसंधान और परामर्श संबंधी गतिविधियों पर भी केंद्रित है; और

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान की गई अनुसंधान एवं परामर्श संबंधी गतिविधियों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) जी हाँ, मान्यवर। वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान (वैमनीकॉम), पुणे, सहकारी क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण के अपने मुख्य अधिदेश के अतिरिक्त अनुसंधान और परामर्श कार्यकलापों का संचालन करता है।

(ख) विगत तीन वर्षों (2022–2025) के दौरान, संस्थान ने विभिन्न अनुसंधान और परामर्श पहलें की हैं । इनका ब्योरा निम्नानुसार है:

| वर्ष | शोध पत्र | परामर्शी परियोजनाएं | कुल कार्यकलाप |
|---|---|---|---|
| 2022-23 | 72 | 11 | 83 |
| 2023-24 | 65 | 02 | 67 |
| 2024-25 | 73 | - | 73 |

*******